# Newspaper Clips
## April 25, 2012

**Rashtriya Sahara ND 25/04/2012**
**p-8**

# आईआईटी के प्रोफेसर सीख रहे हैं दिल को स्वस्थ रखने की कला

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सरगंगाराम अस्पताल के हृदय रोग विभाग ने भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के शिक्षण संकाय के साथ स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के आयोजन के दौरान लगभग 50 प्रोफेसरों को हृदय रोग के रिस्क फैक्टर और इलाज के बारे में प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में अस्पताल में हृदय रोग विभाग के उप निदेशक डा. रजनीश जैन ने हृदय रोग के बढ़न पर चिंता जताई और उसकी रोकथाम के लिए नियमित जीवनशैली, खानपान व रहन सहन प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर डा. जैन ने कहा कि कोलेस्ट्रॉल और रक्त चाप को नियंत्रण में रखने के उपायों पर विशेष चर्चा की। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में हृदय रोग के कारण 16 लाख लोगों की मृत्यु हुई। नियमित व्यायाम, स्वास्थ्यवर्द्धक आहार और अधिक जोखिम वाले रोगियों में समय पर जांच कराने वाली जीवन शैली हृदय रोग की घटनाओं में कमी लाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस सत्र में सवाल-जबाव के बाद शैक्षिक प्रस्तुति को शामिल किया गया। इसके अलावा सत्र में दिल का दौरा पड़ता है, इस पर 20 मिनट की फिल्म भी दिखाई गई।

# IIT-B all set to build an institute in New York

**HT Correspondent**
htmetro@hindutantimes.com

**MUMBAI:** The Indian Institute of Technology-Bombay (IIT-B) will set up a teaching and research institute in the city of New York from next year along with five other universities.

The joint bid was put together by Carnegie Mellon University, New York University, City University of New York, Warwick University, University of Toronto and IIT-B and was selected by the New York City Economic Development Corporation (NYCEDC).

The NYCEDC had initiated a worldwide bidding process last year, inviting institutes to submit proposals for an applied research institute to power local area development and expand their capacity in the applied sciences. The IIT's bid was the second successful one out of seven that were shortlisted. The announcement was made on Monday.

The new institute will be known as the Centre for Urban Science and Progress (CUSP), and will come up in a multistoreyed building in Brooklyn. It will offer a masters programme in urban science and engineering, shorter executive

**THE IIT'S BID WAS THE SECOND SUCCESSFUL ONE OF SEVEN... IT WILL BE CALLED THE CENTRE FOR URBAN SCIENCE & PROGRESS**

education and doctoral programmes. "We wanted to be part of a top research institute," said Subhasis Chaudhuri, dean of international affairs at IIT-B. "With our interests matching with these other institutes we came up with a shared proposal."

In December, the NYCEDC had announced one successful bid – a joint proposal of Cornell University and Technion-Israel Institute of Technology.

CUSP will have a capacity of 600 students and 50 faculty members, and will be administered by its own board of governors made up of staff from each participating university. However, many modalities still need to be worked out. It is not yet clear how roles and responsibilities will be delegated between the partners. Other issues such as curricula, admission procedures and revenue are also yet to be finalised.

Display ads larger than 240 sq. cm.

a boost to the clinics and encour-

Rege, a diabetic foot surgeon.

# IIT alumni association writes to HRD ministry against reforms

Bhavya Dore
bhavya.dore@hindutantimes.com

**MUMBAI:** Opposition to the proposed joint entrance exam (JEE) reforms for entry to the Indian Institutes of Technology (IITs) continues to escalate, with the PanIIT Alumni Association writing to the human resources development ministry and IIT directors with its objections.

The Association, which represents more than 2 lakh alumni across the IITs, sent a letter on Tuesday evening to the ministry and IIT directors saying that the institutes should be allowed to decide their admission process. They have also said the reforms need more discussion and should not be implemented in a hurry. The ministry had earlier said the reforms would be implemented from 2013.

"The IITs are autonomous and have their own eco-system which has enabled them to do well," said Hari Padmanabhan, chairman of the Association. "Any aspect of this ecosystem needs to be decided by each IIT senate. Leave it to the IITs."

Two weeks ago, HRD minster Kapil Sibal met IIT directors and the All India IIT Faculty Federation. Each of the IITs is now in the process of formulating its own reforms proposal.

"What is the urgency for the reforms?" said Somnath Bharti, a Supreme Court advocate and secretary of the IIT Delhi Alumni Association. "The government cannot reverse engineer the process by making an announcement and then going to the senates. That was not what the IITs Act was enacted for."

The PanIIT Alumni Association had held a discussion on April 15. Other points raised include that the JEE should be left to the IITs to conduct.

## OPPOSING CHANGES IN JEE

- The proposed changes include giving 40% weightage to board exam marks during admission, using a percentile formula to normalise scores across different boards
- The reforms also propose that the Central Board of Secondary Education conduct the JEE
- The senates of IIT-Bombay, Delhi and Kanpur opposed the reforms saying the IIT council did not consult the senates while accepting them.

**MUMBAI:** Comic book house Amar Chitra Katha (ACK), will launch a new comic book on India's famous birdman, Salim Ali on Thursday. The book, created in collaboration with the Bombay Natural History Society (BNHS) where Ali served as president for two decades, will be launched at BNHS headquarters Hornbill House. It will cost Rs50.

Ali, who died in 1987 at the age of 90, was a globally feted ornithologist and naturalist.

The comic book is part of the series on makers of modern India. "Salim Ali was a legend and his body of work will definitely be loved by kids," said Manas Mohan, chief operating officer, ACK Media.

"ACK approached us with the idea that Salim Ali's work should be popularised and we loved it. ACK sourced a lot of photos and literature by Ali. The book will portray how Ali developed his love for nature and birds," said Divyesh Parikh, deputy director, marketing, BNHS.

"It would be a thrilling read for children. The book has fine illustrations of his life," said BNHS director Asad Rahmani.

TOI, Mumbai

# IIT panels to rework admission criteria

Hemali Chhapia | TNN

**Mumbai:** With faculty members from across several Indian Institutes of Technology trashing the T Ramasami report, either partially or in toto, the seven older tech schools have set up sub-committees to rework the admission criteria for engineering aspirants.

At IIT-Bombay, dean of academic programmes Shiv Prasad heads the team that is discussing the various models for Joint Entrance Exam (JEE)'s new avatar. "Our committee will give its report by the end of this month, following which it will be placed in the senate for approval," said IIT-B director Devang Khakhar.

By mid-May, there will be clarity on what the format of the new all-India entrance exam for engineering would be; for that is when the IIT council meets

At IIT-Guwahati, the senate will meet on Wednesday to thrash out the issue. By mid-May, there will be clarity on what the format of the new all-India entrance exam for engineering would be; for that is when the IIT council meets.

"Each IIT has formed a committee as the minister has said he is ready to look at inputs that each IIT has," said IIT-Guwahati director Gautam Barua.

Faculty at most IITs had raised concerns about the manner in which class XII scores of various boards would be normalized. Most IIT faculty felt that a fair normalization of class XII scores for students was not possible as all Indian students who went to high school were not on the same page. Professors, mostly at IIT-B, IIT-Delhi and IIT-Kanpur, argued that class XII exams were not completely free of malpractices and the quality of teaching was varied across boards. Whether class XII scores will be added to the overall JEE score or whether they will be considered merely for filtering students who can join the IITs is something only time will tell.

"But the importance of class XII scores cannot be and will not be undermined," said an IIT director.

**Dainik Bhasker ND 25/04/2012** p-7

# व्यावसायिक स्वार्थों से हारती शिक्षा


नरेश गोस्वामी

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।

हाल ही में औद्योगिक समूहों के संगठन- सीआईआई को संबोधित करते हुए मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में औद्योगिक घराने और नेता इस कदर ताकतवर हो गए हैं कि वे अपने व्यावसायिक हितों और लाभ सिद्धि के लिए शिक्षा के प्रस्तावित सुधारों में अडंगा लगाने लगे हैं। उनके मुताबिक ये दबाव समूह अपनी पहुंच और संपर्कों के जरिए कई योजनाओं को सिरे ही नहीं चढ़ने दे रहे।

अगर कोई चाहे तो इसे सरकार के एक वरिष्ठ और प्रभावशाली मंत्री की साफगोई भी कह सकता है। लेकिन अगर हम इस सपाटबयानी की तह में जाएं यानी शिक्षा के क्षेत्र में पहले से चली आ रही और निजीकरण के बाद लगातार अनियंत्रित होती गई मुनाफाखोरी के ग्राफ को देखें तो फिर कहना पड़ेगा कि माननीय मंत्री की व्यथा इस तथ्य की बस एक आधिकारिक स्वीकारोक्ति है, जिसमें सच का सामना करने की अदा तो दिखती है पर उसके कारणों की पड़ताल करने की इच्छा गायब है। इस ईमानदारी का बेशक सम्मान किया जाना चाहिए पर इस तरह नहीं कि वह आत्म-मुग्धता बन जाए। सच यह है कि अगर इस वक्तव्य को दूसरे सिरे से देखें तो उससे सरकार की कमजोरी ही उजागर होती है। अलबत्ता यह बात अलग है कि उससे हमारी राजनीति और सत्ता के अंधेरे कोनों की भी खबर मिल जाती है।

ध्यान से देखें तो इससे एक चिंताजनक निष्कर्ष यह भी निकलता है कि हमारी राजनीति में सरकार के समानांतर एक और सत्ता समूह भी है, जो उसकी शह और कृपा से इतना शक्तिशाली हो चुका है कि वह सरकार की योजनाओं को लंबित और स्थगित भी करवा सकता है। इसलिए यह देखा जाना चाहिए कि औद्योगिक समूहों को इतना ताकतवर होने का मौका किसने दिया है और उसमें सरकार की भूमिका कहां तक रही है। यह सवाल इसलिए पैदा होता है, क्योंकि एक समय इसी सरकार के लोगों ने निजीकरण को शिक्षा की गुणवत्ता और प्रसार के लिए आवश्यक कदम बताया था। और कई तरफ से उठने वाली आवाज को अनसुना कर दिया था कि शिक्षा मूलतः एक राजकीय जिम्मेदारी है, जिसे निजीकरण से बचाया जाना चाहिए। आखिर जब भारतीय समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा बुनियादी शिक्षा से वंचित है तो ऐसे में शिक्षा को मुनाफे का धंधा किस नैतिकता के आधार पर बनाया जा सकता था?



गौर करें कि शिक्षा में निजी पूंजी के प्रवेश के बाद भारत के नए पुराने औद्योगिक घरानों ने स्कूली शिक्षा का एक अलग ही ढांचा खड़ा कर लिया है। पिछले वर्षों में इन घरानों ने देश के महानगरों में ही नहीं बल्कि छोटे शहरों और कस्बों तक में ऐसे स्कूलों की शृंखलाएं स्थापित की हैं। इसी तरह कुछ उच्च और मध्यवर्गीय स्कूलों के ट्रस्टों ने फ्रेंचायजी के जरिए शिक्षा को पूरी तरह उद्योग बना दिया है। कुछ प्रसिद्ध ट्रस्टों के बारे में कहा जाता है कि फ्रेंचायजी देने के एवज में वे करोड़ों रुपए लेते हैं। गुलाबी विश्लेषणों से अपनी राय तय करने वालों को यह भले ही शिक्षा में गुणवत्ता का प्रसार जैसा कुछ लगे लेकिन सही मायनों में यह एक स्थापित ब्रांड को बेचने का मामला है।

**शिक्षा में सुधार**

आज अगर सरकार के वरिष्ठ मंत्री को यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि औद्योगिक घरानों और नेताओं के इस प्रभाव के चलते शिक्षा के बड़े लक्ष्यों में बाधा पैदा हो रही है तो असल में इसके पीछे वर्तमान और पिछली सरकारों की भी भूमिका है।

यहां एक और जरूरी सवाल है। क्या शिक्षा को व्यवसाय बनाते और निजीकरण की नीतियां तैयार करते समय सरकार बनाने में सक्षम पुरोधाओं को इस बात का भान नहीं था कि अंततः निजीकरण की प्रक्रिया छोटी पूंजी से निकलकर बड़ी पूंजी के हाथों में कैद हो जाएगी और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों की तरह उस पर भी कुछ बड़े घरानों का वर्चस्व हो जाएगा? जाहिर है कि अब शैक्षिक सुधारों में ऐसे घरानों और नेताओं द्वारा लगाए जाने वाले जिन अड़ंगों पर व्यथित हुआ जा रहा है, उनके सूत्र लाजमी तौर पर निजीकरण को आसान बनाने वाले नियम-कानूनों से जुड़े हैं। सत्ता संरचना की कार्यप्रणाली से लोग कितने भी अनजान हों लेकिन यह बात आम आदमी भी बखूबी समझता है कि नियम-कानून प्रभावशाली समूहों और आम नागरिकों के लिए अलग-अलग मायने रखते हैं। इसलिए यहां अलग से कहने की जरूरत नहीं है कि पिछले पांच-दस सालों में जितने भी निजी स्कूल और विश्वविद्यालय खुले हैं, वे सब प्रभावशाली समूहों के ही हैं।

बहरहाल, अगर यह सिर्फ इसी सरकार की काहिली और कमजोरी रही होती तो उसे कठघरे में खड़ा किया जा सकता था। लेकिन गौर करें कि अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद हमारे यहां सत्ता का ढांचा ही कुछ ऐसा बन गया है कि सरकार चाहे किसी दल की हो पर उसकी योजनाएं, कार्यप्रणाली और फैसले लगभग एक जैसे होते हैं। इस तरह, संप्रग ही नहीं उससे पहले की राजग और उसकी पूर्ववर्ती गठबंधन सरकारों का रिकॉर्ड भी अलग नहीं रहा है। इस संदर्भ में यशपाल समिति की 1993 में जारी की गई बहुचर्चित रिपोर्ट को याद करें, जिसमें बच्चों के स्कूल-बैग का बोझ कम करने यानी पाठ्यपुस्तकों की संख्या घटाने का विचार रखा गया था। गौरतलब है कि उक्त रिपोर्ट में किताबों को ज्यादा से ज्यादा चित्रात्मक बनाने और अंततः यह मौलिक विचार भी रखा गया था कि प्राथमिक शिक्षा को किताबों से क्यों न पूरी तरह मुक्त कर दिया जाए!

ध्यान रहे कि स्कूल-बैग के बोझ का सीधा संबंध पाठ्य पुस्तकों के व्यवसाय से है। अगर शुरुआती दौर में ही इस दिशा में कार्रवाई की जाती तो इस बीच पाठ्य पुस्तकों का व्यापार-व्यवसाय इतना विकराल रूप नहीं ले पाता। यह एक जानी मानी बात है कि प्राईवेट और पब्लिक स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली किताबों में बहुत सारी न केवल गैर जरूरी होती हैं बल्कि उनकी कीमत भी बहुत ज्यादा रहती है। किताबों का यह व्यवसाय अगर लगातार फलता-फूलता गया है तो इसकी बड़ी वजह प्रकाशकों और स्कूल मालिकों की मुनाफाखोरी है, जिसे मध्यवर्गीय मानस को गुणवत्ता के नाम से बेचा जा रहा है। इसलिए धीरे-धीरे बस्ते के बोझ की बात अब बिसरा दी गई है।

आज अगर सरकार के वरिष्ठ मंत्री को यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि औद्योगिक घरानों और नेताओं के इस प्रभाव के चलते शिक्षा के बड़े लक्ष्यों में बाधा पैदा हो रही है तो असल में इसके पीछे वर्तमान और पिछली सरकारों की भी भूमिका है। अब यह सरकार की साख का भी सवाल बन गया है कि वह निर्णायक ढंग से सिद्ध करे कि ये औद्योगिक समूह भले ही अपनी जगह कितने ही ताकतवर क्यों न हों, पर कम से कम सरकार उनकी सहयोगी नहीं है।

naresh.goswami@gmail.com

**Hindu ND 25/04/2012** p-1


# India's new satellite can see through clouds and darkness

N. Gopal Raj

**THIRUVANANTHAPURAM:** More than two decades after India's first operational optical remote sensing satellite went into orbit, the country's space capabilities are poised for a big technological leap now with the launch of an entirely indigenous radar imaging satellite, RISAT-1. The Indian Space Research Organisation (ISRO) is preparing to send the satellite into space aboard the Polar Satellite Launch Vehicle that is scheduled to lift off from Sriharikota early this Thursday.

RISAT-1's radar will be able to see through clouds and work in darkness, conditions that hamper optical satellites. Its images will be useful for a variety of applications, from crop forecasting and disaster management to addressing the country's strategic needs.

RISAT-1 will, however, be the country's second radar imaging satellite. India already operates the Israeli-built RISAT-2, which was launched in April 2009 and appears to have been quickly procured to meet security needs.



*The RISAT-1 satellite being lowered into a large test chamber at the ISRO Satellite Centre in Bangalore.* – PHOTO: ISRO/THE HINDU

After the ISRO launched IRS-1A in 1988, it sent up well over a dozen earth-viewing satellites bearing a variety of optical imaging cameras. These satellites have created a large user community within the country. Their data is also being received and utilised in several countries.

An important reason for ISRO's initial emphasis on optical imaging was the far greater complexity of a radar satellite, according to Pramod Kale, who was once director of ISRO's Space Applications Centre at Ahmedabad that builds payloads carried on Indian satellites.

With RISAT-1, ISRO scientists and engineers demonstrate their mastery of that difficult and closely guarded technology. If the satellite works as its creators hope, it will match and perhaps in some respects even surpass Canada's second-generation RADARSAT-2 that is now operational.

RISAT-1 uses the 'synthetic aperture radar' technique. It carries out complex processing of the radar echoes received from the same place on the ground so as to simulate a much bigger antenna than it actually carries. Doing so greatly increases the image resolution that is possible.

Radar images from the satellite will have a resolution that can be varied from 50 metres down to 3 metres. However, as resolution increases, less of the ground can be imaged as the satellite passes overhead.

In a special "spotlight mode", where the satellite will keep looking at a small region on the ground, it will be capable of providing one-metre resolution images. (The best resolution now possible on ISRO's optical remote sensing satellites is believed to be about 0.8 metre.)

The satellite is equipped with an advanced "active phased array" antenna. Instead of a single device generating the microwave signals, the antenna has a large number of modules that collectively produce the radar beam. By suitably adjusting the signals generated by various modules, the beam can be electronically moved around. Even if a few modules fail, the satellite can continue to function albeit perhaps with some degradation in performance.

Naya India ,ND 25/04/2012 P-12

# दुनिया के नामी कालेजों में शामिल हुआ आईआईटी मुंबई

**न्यूयार्क** ■ एजेंसियां/डेस्क

ब्रुकलीन में 'अप्लाइड साइंसेज कैंपस' की स्थापना के लिए विश्व स्तर की अकादमिक संस्थाओं के एक समूह में आईआईटी मुंबई भी शामिल होगा। इस योजना के तहत विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शहर की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूती देना है।

न्यूयार्क विश्वविद्यालय को शहर के 'अप्लाइड साइंसेज एनवाईसी इनिशिएटिव' में दूसरा विजेता घोषित किया गया था। पहले स्थान पर कार्नेल विश्वविद्यालय और टेक्नीआन-इजराइल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी रहा था, जो रुजवेल्ट द्वीप पर इंजीनियरिंग कैंपस तैयार कर रहा है। अभियान की शुरुआत करते हुए न्यूयार्क के मेयर माइकल ब्लूमबर्ग ने शहर और अकादमिक संस्थाओं के समूह के बीच हुए इस 'समझौते को ऐतिहासिक' बताया।

**अप्लाइड साइंस में शोध के लिए बने इस समूह में आईआईटी मुंबई के साथ कार्नेगी मेल्लन विश्वविद्यालय, सिटी यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क, टोरंटो विश्वविद्यालय जैसे मशहूर संस्थान शामिल हैं**




एनवाईयू पांलीटेक्नीक इंस्टीट्यूट आफ न्यूयार्क यूनिवर्सिटी के नेतृत्व वाले इस कंसोर्टियम या समूह में कार्नेगी मेल्लन विश्वविद्यालय, सिटी यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क, टोरंटो विश्वविद्यालय, वारविक विश्व-विद्यालय, आईआईटी मुबई के साथ ही प्रोद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आईबीएम और सिस्को भी शामिल है। यह इंजीनियरिंग और विज्ञान में अकादमिक डिग्री प्रदान करेगी। यह केंद्र आधारभूत संरचना, तकनीकी एकीकरण, ऊर्जा बचत, परिवहन, लोक सुरक्षा और लोक स्वास्थ्य समेत शहर के सामने अन्य गंभीर चुनोतियों के बारे में अनुसंधान और प्रोद्योगिकी के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

आईआईटी मुंबई के निदेशक देवांग खाखर ने कहा है कि बड़े शहर जिस तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उसके निदान के लिए यह केंद्र एक बड़ा मोका मुहेया कराएगा। उन्होंने कहा, 'इस केंद्र से सीधे तोर पर न्यूयार्क शहर को फायदा मिलेगा और कई बड़े शहरों की समस्याओं के निपटारे में भी इससे काफी मदद मिलेगा। शहरी अध्ययन से जुड़े इस क्षेत्र में विशेषज्ञता वाला हमारा संकाय सक्रिय रूप से भूमिका निभाएगा।'

Dainik Bhasker ND 25/04/2012 p-14

# अप्लाइड साइंसेज कैंपस की स्थापना के लिए बने समूह में आईआईटी मुंबई भी

एजेंसी | न्यूयॉर्क

ब्रुकलिन में 'अप्लाइड साइंसेज कैंपस' की स्थापना के लिए विश्व स्तर की अकादमिक संस्थाओं के एक समूह में आईआईटी मुंबई भी शामिल होगा। इस केंद्र का उद्देश्य विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शहर की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूती देना है। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय को शहर के 'अप्लाइड साइंसेज एनवाईसी इनिशिएटिव' में दूसरा विजेता घोषित किया गया था।

पहले स्थान पर कार्नेल विश्वविद्यालय और टेक्नीऑन-इजरायल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रहा था, जो रूजवेल्ट द्वीप पर इंजीनियरिंग कैंपस तैयार कर रहा है। अभियान की शुरुआत करते हुए न्यूयॉर्क के मेयर माइकल ब्लूमबर्ग ने शहर और अकादमिक संस्थाओं के समूह के बीच हुए इस समझौते को ऐतिहासिक बताया।

एनवाईयू पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के नेतृत्व वाले इस समूह में कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क, टोरंटो विश्वविद्यालय, वारविक विश्वविद्यालय, आईआईटी मुंबई के साथ ही प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आईबीएम और सिस्को भी शामिल है। यह इंजीनियरिंग और विज्ञान में अकादमिक डिग्री प्रदान करेगी। यह केंद्र आधारभूत संरचना, तकनीकी एकीकरण, ऊर्जा बचत, परिवहन, लोक सुरक्षा और लोक स्वास्थ्य समेत शहर की चुनौतियों के बारे में अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

आईआईटी मुंबई के निदेशक देवांग खाखर ने कहा है कि बड़े शहर जिस तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं उसके निदान के लिए यह केंद्र एक बड़ा अवसर मुहैया कराएगा। उन्होंने कहा, 'इस केंद्र से सीधे तौर पर न्यूयॉर्क शहर को फायदा मिलेगा और कई बड़े शहरों की समस्याओं के निपटारे में भी इससे काफी मदद मिलेगा। शहरी अध्ययन से संबंधित इंजीनियरिंग और विज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाला हमारा संकाय इसके लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा।'

Economic Times ND 25/04/2012 p-8

# इनोवेटिव वर्ल्ड' की राह पर नए IIM

[ श्रीरधा डी बसु *कोलकाता* ]



**नए इंडियन** इंस्टीट्यूट्स ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) का जोर इनोवेटिव कोर्स पर है। ये नए इंस्टीट्यूट ऐसे कोर्स शुरू कर रहे हैं, जो ज्यादा से ज्यादा लोगों की जरूरतें पूरी कर सकें। रोहतक, रांची, रायपुर, त्रिची और उदयपुर के इंस्टीट्यूट ऐसे यूनीक मॉडल पर काम कर रहे हैं, जिससे आईआईएम की इमेज के साथ लोकेशनल फायदे उठाए जा सकें। इन इंस्टीट्यूट में पीजीपी प्रोग्राम प्रमुख कोर्स बने रहेंगे। हालांकि, इनका फोकस ऐसे कोर्स पर भी होगा, जो व्यक्ति विशेष की योग्यता के हिसाब से डेवलप किए जाएं। इनमें एनर्जी मैनेजमेंट, रिसोर्स मैनेजमेंट और एजुकेशन मैनेजमेंट से लेकर पब्लिक हेल्थ, पब्लिक पॉलिसी और मैन्युफैक्चरिंग मैनेजमेंट जैसे सोशल और इकनॉमिक सेक्टर से जुड़े प्रोग्राम शामिल हैं।

आईआईएम रांची के डायरेक्टर एम जे जेवियर ने बताया, 'पश्चिमी देशों में कम स्टूडेंट्स मिलने के चलते कई जाने-माने इंटरनेशनल स्कूल इंडिया से ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स लेने का प्लान बना रहे हैं। अभी हम ऐसा कोई बिजनेस स्कूल नहीं खोल सकते, जहां अमेरिका के हिसाब से पढ़ाई हो सके।' उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट ईस्ट, वेस्ट और रीजनल (झारखंड, बिहार) को एक साथ लेकर चलने पर भरोसा करता है। इसी हिसाब से कुछ प्रोग्राम शुरू किए जा रहे हैं। इनमें ईस्ट (इंडियन मैनेजमेंट, इनक्लूसिविटी एंड सस्टेनेबिलिटी), वेस्ट (न्यूरो मैनेजमेंट) और रीजनल (एनर्जी मैनेजमेंट, पब्लिक हेल्थ, माइनिंग और पब्लिक पॉलिसी)।

न्यूरो मैनेजमेंट के लिए आईआईएम रांची ने सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ सायकियाट्री से हाथ मिलाया है। वहीं, बिजनेस एनालिटिक्स के लिए इंस्टीट्यूट ने आईबीएस के साथ करार किया है। इन दोनों कोर्स के लिए फैकल्टी रिक्रूटमेंट भी हो चुका है। जेवियर ने बताया, '2013 में हम जानी-मानी अमेरिकी यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर 18 महीने का पार्ट-टाइम एनर्जी मैनेजमेंट प्रोग्राम लॉन्च कर रहे हैं। हम सर्टिफाइड पब्लिक हेल्थ वर्कर प्रोग्राम भी शुरू कर रहे हैं। माइनिंग प्रोग्राम के लिए अभी भी पार्टनर की तलाश है।'

आईआईएम रोहतक के डायरेक्टर पी रमेशन ने बताया कि अगले कुछ साल में इंस्टीट्यूट ऐसे एरिया पर फोकस करेगा, जिनकी पुराने आईआईएम ने अनदेखी की। ये नए कोर्स इंडिया की फ्यूचर ग्रोथ और दुनिया में बढ़ते भारतीय कारोबार के मुताबिक लाए जाएंगे। इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस, सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप, एग्रीकल्चर, सर्विसेज, डेवलपमेंट एक्सीलेंस और अर्बन मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स पर ध्यान दिया जाएगा। रमेशन ने बताया, 'आईआईएम रोहतक समय-समय पर देश की ग्रोथ से जुड़ी जरूरतों के हिसाब से प्रोग्राम शुरू करेगा।' केपीएमजी के हेड (एजुकेशन) नारायणन रामस्वामी ने बताया, 'हरेक आईआईटी अलग है। वैसे ही एनआईटी और हरेक आईआईएम की भी अलग पहचान है।' उन्होंने कहा, 'आपके पास वजह होनी चाहिए, जिससे स्टूडेंट्स आपके इंस्टीट्यूट में आएं। नए आईआईम सही अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं।'

Economic Times ND 25/04/2012 p-1

ऊंची उड़ान आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र जून में क्षेत्रीय एयरलाइन शुरू करेंगे

# रीजनल एविएशन के नए राही

[ राधिका पी नायर *बंगलुरु* ]

आईआईटी दिल्ली का एक पूर्व छात्र जून में रीजनल एयरलाइन लॉन्च करने की तैयारी में है। इस साल नई एयरलाइन कंपनी शुरू करने वाले वह दूसरे शख्स होंगे। अभी इंडस्ट्री हाई ऑपरेटिंग कॉस्ट के चलते संकट से गुजर रही है।

केयर्न एनर्जी के वाइस चेयरमैन रहे उमेश कुमार बवेजा करीब 100 करोड़ रुपए जुटाने के लिए प्राइवेट इक्विटी कंपनियों से बातचीत कर रहे हैं। इस फंड का इस्तेमाल वह नए वेंचर में करेंगे, जिसका नाम रीजनल एयरपोर्ट होल्डिंग्स इंटरनेशनल (राही) होगा।

एयरलाइन की लॉन्चिंग और उत्तरी कर्नाटक के गुलबर्ग कस्बे में एयरपोर्ट की ओपनिंग एक साथ होगी। यह एयरपोर्ट भी बवेजा की कंपनी राही बनाएगी। बवेजा का कहना है, 'हम जिस मार्केट सेगमेंट में उतरने की योजना बना रहे हैं, उसमें 20 सीटों से कम वाले एयरक्राफ्ट की जरूरत है। फिलहाल इस स्पेस में कोई कमर्शियल एयरलाइन ऑपरेट नहीं कर रही है। इसीलिए हमने एयरलाइन कंपनी शुरू करने का फैसला किया है।' आईएलएंडएफएस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क लिमिटेड और कोमेट इंफ्रा डेवलपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड का ज्वाइंट वेंचर राही शुरुआत में गुलबर्ग-हैदराबाद और गुलबर्ग-बंगलुरु रूट पर एयर सर्विस शुरू करेगा। एक दिन में इसकी दो फ्लाइट्स होंगी और यह हफ्ते में 6 दिन ऑपरेट करेगी।

**एयरलाइन की** लॉन्चिंग और उत्तरी कर्नाटक के गुलबर्ग कस्बे में एयरपोर्ट की ओपनिंग एक साथ होगी

सेंटर फॉर एशिया पैसिफिक एविएशन के कपिल कौल ने इस बारे में बताया, 'आईएलएंडएफएस इस प्रोजेक्ट में इनवेस्टर है। इससे पैसा जुटाने का काम काफी आसान हो जाएगा। हालांकि, इस प्रोजेक्ट की फिजिबिलिटी सबसे अहम है।'

इस साल फरवरी में विजयवाड़ा की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी एलआईपीएल प्रोजेक्ट्स ने एयर कोस्टा नाम से रीजनल एयरलाइन लॉन्च करने की घोषणा की। इस कंपनी की शुरुआत उद्यमी रमेश लिंगमनेनी ने की है। फिलहाल इंडिगो के अलावा दूसरी एयरलाइंस लॉस में हैं। उन पर कई अरब डॉलर का कर्ज भी है। वहीं, बवेजा जैसे लोग गवर्नमेंट इनसेंटिव की वजह से सेक्टर पर दांव लगा रहे हैं। सरकार इस सेक्टर में रीजनल ऑपरेटरों को प्रमोट करना चाहती है। इनसेंटिव में एयरक्राफ्ट के ईंधन पर 4 फीसदी सेल्स टैक्स और 40 टन से कम का टेक ऑफ वजन शामिल है। जेट एयरवेज, किंगफिशर जैसी एयरलाइंस को फ्यूल टैक्स पर काफी पैसा खर्च करना पड़ता है। राज्यों के हिसाब से यह टैक्स अलग-अलग हो सकता है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि किफायती टिकट और ऑपरेशंस की फिक्स्ड लागत छोटी एयरलाइंस कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती होगी।

